प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2026
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा – 2026

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION PAPER

SANSKRIT (OPT.)

संस्कृत(ऐच्छिक)

विषय कोडः
Subject Code : **122**

| प्रश्न पुस्तिका सेट कोड |
|---|
| **Question Booklet Set Code** |
| |

कुल प्रश्न : 100 + 5 = 105
Total Questions : 100 + 5 = 105

कुल मुद्रित पृष्ठ :24
Total Printed Pages : 24

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)
[Full Marks : 100]

---

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में हीं उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में है – खण्ड–'अ' एवं खण्ड–'ब'।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराए गए OMR उत्तर–पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–'ब' में 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड – अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50 x 1 = 50

1- 'लतासु' पद में कौन–सी विभक्ति प्रयुक्त है ?

(A) पञ्चमी (B) सप्तमी

(C) चतुर्थी (D) सम्बोधन

2- 'मातृः किस विभक्ति में है ? वचन भी बताएँ।

(A) द्वितीया, द्विवचन (B) द्वितीया, एकवचन

(C) द्वितीया, बहुवचन (D) प्रथमा, बहुवचन

3- 'मयि' पद का वचन है –

(A) एकवचन (B) बहुवचन

(C) द्विवचन (D) एकवचन, द्विवचन

4- 'तव' पद किस विभक्ति और वचन में है ?

(A) षष्ठी, द्विवचन (B) षष्ठी, बहुवचन

(C) षष्ठी, एकवचन (D) सप्तमी, द्विवचन

5- 'बालकयोः' पद में कौन–सा वचन एवं विभक्ति है ?

(A) एकवचन, षष्ठी
(B) द्विवचन, षष्ठी
(C) बहुवचन, षष्ठी
(D) द्विवचन, षष्ठी एवं सप्तमी

6- 'भू' धातु लङ्लकार प्रथमपुरुष एकवचन में कौन–सा रूप होगा ?

(A) अभवत
(B) अभवताम्
(C) अभवत्
(D) अभवन्

7- 'पा' धातु का रुप लृट् लकार मध्यमपुरुष द्विवचन में क्या होगा ?

(A) पास्यथ
(B) पास्यसि
(C) पास्यथः
(D) पास्यति

8- 'स्था' धातु का रुप लोट् लकार उत्तमपुरुष द्विवचन में क्या होगा ?

(A) तिष्ठाव
(B) तिष्ठानि
(C) तिष्ठाम
(D) तिष्ठन्तु

9- 'अस्' धातु का रूप लट् लकार प्रथमपुरुष बहुवचन में क्या होगा ?

(A) स्तः
(B) स्वः
(C) स्मः
(D) सन्ति

10- 'चाहिए' का प्रयोग किस लकार में होता है ?

(A) लोट्
(B) लृट्
(C) लङ्
(D) विधिलिङ्

11- 'आज्ञासूचक' शब्द किस लकार के अन्तर्गत आते हैं ?

(A) लङ् लकार (B) लोट् लकार

(C) लृट् लकार (D) लट् लकार

12- 'अनाथालयः' का संधि –विच्छेद निम्न में कौन–सा है ?

(A) अनथ + आलयः (B) आनथ + आलयः

(C) अनाथ + आलयः (D) अनथ + अलयः

13- 'कार्यालयः' पद में किस–किस वर्ण की संधि हुई है ?

(A) अ + अ (B) आ + अ

(C) अ + आ (D) आ + आ

14- ' इ का य्' होता है, जब इ के बाद कोई भिन्न स्वर हो, किस संधि में होता है ?

(A) दीर्घ सन्धि (B) यण् सन्धि

(C) वृद्धि सन्धि (D) गुण सन्धि

15- 'धात्रंशः' का सन्धि–विच्छेद निम्न में कौन सा है ?

(A) धातृ + अंश (B) धातृ + अंशः

(C) धातॄ + अंश (D) धातॄ + अंशः

16- 'नरेशः' का संधि–विच्छेद निम्न में कौन सा है ?

(A) नर+इशः (B) नरे+ईशः

(C) नर + ईशः (D) नर् + ईशः

17- 'प्रजातंत्र' किस प्रकार का शासन है ?

(A) लोगों का | (B) खास लोगों का

(C) अधिकारियों का | (D) मजदूरों का

18- सबसे बड़ा प्रजातंत्र कहाँ का है ?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका | (B) पाकिस्तान

(C) कनाडा | (D) भारत

19- प्रजातांत्रिक–शासन में अधिक क्या है ?

(A) गुण | (B) दोष

(C) दोनों मिला जुला | (D) कोई नहीं

20- 'प्रतिनिधि' जनता की बात कहाँ रखते हैं ?

(A) सभा में | (B) संसद में

(C) हॉल में | (D) सड़क पर

21- प्रजातंत्र में किसको प्राथमिकता दी जाती है ?

(A) अधिकारी को | (B) पुलिस को

(C) विधायक को | (D) प्रजा को

22- 'प्रजानाम्' पद का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) प्रजा का | (B) प्रजा के

(C) प्रजाओं का | (D) प्रजा में

23- विद्या, तप, दानादि से रहित व्यक्ति पृथ्वी पर क्या है ?

(A) महान् है (B) भार है

(C) मस्त है (D) सुखी है

24- शरीर में बैठा हुआ महान् शत्रु निम्न में कौन–सा है ?

(A) रोग (B) क्रोध

(C) मोह (D) आलस्य

25- किसको महान् मित्र कहा गया है ?

(A) पडोसी को (B) संबंधी को

(C) उद्यमी को (D) सहपाठी को

26- नीति मनुष्य को किस मार्ग से बचाती है ?

(A) क्लिष्ट मार्ग से (B) कुमार्ग से

(C) सुमार्ग से (D) सरल मार्ग से

27- 'नीतिशतक' के रचयिता निम्न में कौन हैं ?

(A) चाणक्य (B) विदुर

(C) भर्तृहरि (D) विष्णुशर्मा

28- कश्मीर निवासी निम्न में कौन हैं ?

(A) नारायण पंडित (B) क्षेमेन्द्र

(C) विष्णुशर्मा (D) वाल्मीकि

29- 'आचारः.................... हन्ति।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित पद से करें –

(A) अनर्थम्
(B) अलक्षणम्
(C) क्रोधम्
(D) अकीर्तिम्

30- बुढ़ापा किसको नष्ट करता है ?

(A) धन को
(B) रोग को
(C) रूप को
(D) यश को

31- अधिक न बोलना क्या है ?

(A) अवगुण
(B) गुण
(C) कमी
(D) दोष

32- 'अकीर्तिं ................ हन्ति।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित पद से करें –

(A) क्रोधम्
(B) पराक्रमः
(C) विनयः
(D) क्षमा

33- सफलता किसकी कदम चूमती है ?

(A) परिश्रमी की
(B) आलसी की
(C) कामचोर की
(D) चापलूस की

34- छोटा कृशकाय मेढ़क कैसे सफल हुआ ?

(A) परिश्रम से
(B) एकाग्रता से
(C) बड़बोलेपन से
(D) चालाकी से

35- 'लम्बपर्णः' किसे कहा गया है ?

(A) घृतकुमारी (B) बेल

(C) नीम (D) आँवला

36- 'केश कृष्णिका' संज्ञा से किसे विभूषित किया गया है ?

(A) तुलसी (B) नीम

(C) अदरक (D) आँवला

37- जिसे चाटकर खाने से शक्ति बढ़ती है, वह क्या है ?

(A) नीम (B) हल्दी

(C) अदरक (D) आँवला

38- स्वाद के लिए किसकी कल्पना की जाती है ?

(A) घृतकुमारी (B) आँवला

(C) अदरक (D) तुलसी

39- 'वणिग्वैद्ययोः' पद में कौन–सी विभक्ति प्रयुक्त है ?

(A) पञ्चमी (B) षष्ठी

(C) द्वितीया (D) चतुर्थी

40- रमेश कब से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था ?

(A) फरवरी से (B) जून से

(C) अगस्त से (D) अक्टूबर से

41- रमेश किस चीज का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था ?

(A) चिकित्सा का
(B) व्यापार का
(C) शिक्षा का
(D) प्रबन्धन का

42- 'महार्घता' का विपरीतार्थक शब्द निम्न में कौन–सा है ?

(A) महँगाई
(B) अल्पार्घता
(C) सस्ता
(D) कोई नहीं

43- निम्न में भिन्न प्रकृति वाला पद कौन–सा है ?

(A) तर्हि
(B) तु
(C) एव
(D) क्षमा

44- रमेश के पिता निम्न में कौन हैं ?

(A) हरि
(B) भानु
(C) मोहन
(D) सुरेश

45- 'आम्' पद का क्या अर्थ है ?

(A) हाँ
(B) नहीं
(C) जी
(D) क्या

46- सत्तू का मूल्य कब बढ़ेगा ? यह कौन सोच रहा है ?

(A) स्वभावकृपण
(B) व्यापारी
(C) मित्र
(D) पड़ोसी

47- घोड़ा बेचकर पर्याप्त सोना प्राप्त करूँगा, कौन कह रहा है ?

(A) भानु (B) रवि

(C) ब्राह्मण (D) पड़ोसी

48- 'गच्छन्' पद में कौन–सा प्रत्यय प्रयुक्त है ?

(A) शानच् (B) शतृ

(C) ण्यत् (D) ठक्

49- 'जीरादेई' में किसका जन्म हुआ था ?

(A) श्रीकृष्ण सिंह (B) सच्चिदानन्द सिन्हा

(C) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद (D) लालू प्रसाद

50- डॉ० राजेन्द्र प्रसाद महात्मा गाँधी के सम्पर्क में कब आए ?

(A) 1918 ई० (B) 1917 ई०

(C) 1921 ई० (D) 1911 ई०

51- संविधान सभा के प्रथम कार्यकारी अध्यक्ष कौन थे ?

(A) डॉ० सच्चिदानन्द सिन्हा (B) श्री कृष्ण सिंह

(C) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद (D) मौलाना मजहरुल हक

52- 'डॉ० राजेन्द्र प्रसाद' की मृत्यु कब हुई थी ?

(A) 1963 ई० में (B) 1946 ई० में

(C) 1934 ई० में (D) 1967 ई० में

53- 'अभवत्' पद में कौन–सा लकार प्रयुक्त है ?

(A) लङ् लकार (B) लोट् लकार

(C) लृट् लकार (D) लट् लकार

54- 'अपि' पद का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) को (B) भी

(C) जो (D) वही

55- प्रत्येक वन में क्या नहीं होता है ?

(A) बेल (B) पीपल

(C) बरगद (D) चन्दन

56- दुष्टों की शक्ति किसलिए होती है ?

(A) परोपकार के लिए (B) दूसरों को कष्ट देने के लिए

(C) भलाई के लिए (D) उपकार के लिए

57- हिरण किसके पीछे चलता है ?

(A) भालू (B) मृग

(C) बंदर (D) गीदड़

58- आलसी को क्या प्राप्त नहीं होता है ?

(A) धन (B) मित्र

(C) यश (D) विद्या

59- देवता किसकी सहायता करते हैं ?

(A) जहाँ 6 चीज हो

(B) जहाँ 5 चीज हो

(C) जहाँ 4 चीज हो

(D) जहाँ 2 चीज हो

60- 'विनम्रता' से किस चीज का पता चलता है ?

(A) कुल का

(B) परम्परा का

(C) धन का

(D) यश का

61- 'विद्यते' का समानार्थी पद निम्न में कौन–सा है ?

(A) अस्ति

(B) नास्ति

(C) नासीत्

(D) नजानाति

62- 'अत्र' का विलोम पद निम्न में कौन–सा है ?

(A) तत्र

(B) यत्र

(C) कुत्र

(D) कुतः

63- 'सः हस्तेन ताड़यति।' वाक्य के हस्तेन' पद में कौन–सी विभक्ति है ?

(A) द्वितीया

(B) चतुर्थी

(C) तृतीया

(D) पंचमी

64- 'यथोचितम्' में कौन–सी संधि प्रयुक्त है ?

(A) दीर्घ संधि

(B) व्यंजन संधि

(C) गुण संधि

(D) अयादि संधि

65- 'स्वागतम्' में कौन–सा उपसर्ग है ?

(A) स्

(B) सु

(C) सू

(D) स

66- संस्कृत में कितने उपसर्ग हैं ?

(A) 22

(B) 26

(C) 24

(D) 28

67- 'पितरौ' पद में कौन–सा समास है ?

(A) द्वन्द्व

(B) बहुव्रीहि

(C) तत्पुरुष

(D) कर्मधारय

68- 'गम्' धातु शतृ प्रत्यय का रूप निम्न में कौन–सा है ?

(A) गन्तुम्

(B) गतवान्

(C) गतम्

(D) गच्छन्

69- 'गमनम्' में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) ल्युट्

(B) तुमुन्

(C) क्तवतु

(D) शतृ

70- 'पठितुम्' का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) पढ़ने के लिए

(B) पढ़ाई

(C) पढ़ना

(D) पढ़ा

71- 'ज्ञात्वा' का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) जानकारी (B) जानकार

(C) जानकर (D) जानना

72- 'प्रणम्य' पद में कौन–सा उपसर्ग प्रयुक्त है ?

(A) नम् (B) प्र

(C) नम (D) य

73- 'पठेयुः' पद में कौन–सा लकार प्रयुक्त है ?

(A) विधि लिङ् (B) लोट्

(C) लृट् (D) लङ्

74- 'येनांगविकारः' सूत्र में कौन–सी विभक्ति प्रयुक्त होती है ?

(A) द्वितीया (B) चतुर्थी

(C) तृतीया (D) पंचमी

75- "कर्मणि ............." रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प से करें –

(A) द्वितीया (B) चतुर्थी

(C) तृतीया (D) पंचमी

76- 'वृक्षात् पत्राणि पतन्ति।' वाक्य के 'वृक्षात्' पद में किस विभक्ति का प्रयोग हुआ है ?

(A) तृतीया (B) पंचमी

(C) चतुर्थी (D) षष्ठी

77- 'रुच्यर्थानां प्रीयमाणः' सूत्र से कौन–सी विभक्ति प्रयुक्त होती है ?

(A) तृतीया (B) द्वितीया

(C) चतुर्थी (D) षष्ठी

78- "द्वौ" किस लिंग में प्रयुक्त है ?

(A) पुँल्लिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) नपुंसकलिंग (D) कोई नहीं

79- 'प्रतिदिनम्' किस समास का उदाहरण है ?

(A) तत्पुरुष (B) द्वन्द्व

(C) नञ् (D) अव्ययीभाव

80- 'उपगंगम्' का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) गंगा के समीप (B) गंगा के पार

(C) गंगा के बीच में (D) कोई नहीं

81- 'विघ्नानाम् अभावः' का समस्त पद निम्न में कौन–सा है ?

(A) निर्मकक्षिकम् (B) निर्जनम्

(C) निर्वनम् (D) निर्विघ्नम्

82- 'त्रयाणां लोकानां समाहारः' का समस्त पद है –

(A) त्रिफला (B) त्रिलोचनम्

(C) त्रिभुवनम् (D) त्रिलोकी

83- 'मातामही' पद का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) दादी
(B) चाची
(C) भाभी
(D) नानी

84- 'मनोहरः' पद का स्त्रीलिङ्ग रूप कौन–सा है ?

(A) मनोहर
(B) मनोहरम्
(C) मनोहरा
(D) मनोहारी

85- 'बहिः' अव्यय का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) बाहर
(B) बाद में
(C) पहले
(D) इस समय

86- निम्न पदों में अव्यय कौन–सा है ?

(A) अगच्छन्
(B) पठितव्यम्
(C) लतासु
(D) अद्य

87- 'तु' पद का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) तब
(B) तक
(C) तो
(D) तब तो

88- किस समास का पहला पद अव्यय होता है ?

(A) तत्पुरुष
(B) द्वन्द्व
(C) कर्मधारय
(D) अव्ययीभाव

89- 'सः' पद का स्त्रीलिङ्ग रूप निम्न में कौन–सा है ?

(A) ते
(B) ताः
(C) सा
(D) तौ

90- 'परित्यज्य' अव्यय में कौन–सा प्रत्यय प्रयुक्त है ?

(A) ल्यप्
(B) क्त्वा
(C) क्त
(D) क्तवतु

91- 'गतः' का समानार्थी पद निम्न में कौन–सा है ?

(A) अगच्छत्
(B) अगच्छत्
(C) अगच्छाम
(D) अगच्छन्

92- टी०के०घोष अकादमी से संबंधित महापुरूष के नाम हैं –

(A) कर्पूरी ठाकुर
(B) श्रीकृष्ण सिंह
(C) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद
(D) लालू प्रसाद

93- 'खलस्य' पद का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) दुष्ट की
(B) दुष्ट को
(C) दुष्ट से
(D) दुष्ट द्वारा

94- 'रक्षणाय' पद का अर्थ निम्न में कौन–सा है ?

(A) रक्षा
(B) रक्षा के लिए
(C) रक्षक
(D) रक्षा द्वारा

95- 'विप्रः' का बहुवचन रूप निम्न में कौन–सा है ?

(A) विप्रौ (B) विप्र

(C) विप्राः (D) विप्रान्

96- 'यूयम्' पद का एकवचन रूप निम्न में कौन–सा है ?

(A) त्वाम् (B) युवाम्

(C) त्वम् (D) युष्मान्

97- 'अहम्' पद का बहुवचन निम्न में कौन–सा है ?

(A) अस्मान् (B) आवाम्

(C) वयम् (D) अस्मद्

98- 'किम्' सर्वनाम शब्द का नपुंसकलिङ्ग में रूप है –

(A) कौ (B) काः

(C) कानि (D) कः

99- 'इह' पद का समानार्थी निम्न में कौन–सा है ?

(A) तत्र (B) यत्र

(C) कुत्र (D) अत्र

100- 'दिवास्वप्नः' पाठ में किसकी कल्पना है ?

(A) ब्राह्मण की (B) गरीब ब्राह्मण की

(C) भिक्षुक ब्राह्मण की (D) धनी ब्राह्मण की

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1- अधोलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $8 \times 2 = 16$

(क) सभी शासनपद्धतियों में कौन–सा शासन श्रेष्ठ है ?

(ख) अब्राहम लिंकन ने प्रजातंत्र का क्या लक्षण बताया ?

(ग) प्रजातंत्र के दो पर्यायवाची शब्द लिखें ?

(घ) अयोग्य प्रतिनिधि कब चुने जाते हैं ?

(ङ) विपक्ष कैसा होना चाहिए ?

(च) वसुन्धरा को 'बहुरत्ना' क्यों कहा गया है ?

(छ) धर्म और धन की वृद्धि कैसे हो सकती है ?

(ज) धन का प्रयोजन किसके रहने पर नहीं होता है ?

(झ) पुरुषों को कौन–से आठ गुण प्रकाशित करते हैं ?

(ञ) लक्ष्य पर दृष्टि कैसी होनी चाहिए ?

(ट) लघुकाय मण्डूक ने क्या किया ?

(ठ) दृष्ट्वा का प्रकृति–प्रत्यय करें।

(ड) अदरक हम लोगों के लिए कैसे लाभकारी है ?

(ढ़) नीम के औषधीय गुणों का उल्लेख करें।

(ण) वैद्य ईश्वर से क्या प्रार्थना करते हैं ?

(त) 'दिवास्वप्नः' पाठ में किसकी कहानी है ?

2- निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

(अ) नवमी कक्षायां ये बालकाः /याः बालिकाः आगच्छन्ति, भाषायां स्थितिः सम्यक् न । ते / ताः सम्यक् रूपेण पुस्तकं न पठन्ति। अक्षरं न जानन्ति। पठने कुशलता नास्ति। कारणं विद्यालये न आगच्छन्ति। गृहे कार्यं कुर्वन्ति। सामाजिकी स्थितिः अपि दयनीया। अभिभावकाः न शिक्षिताः। सर्वकारस्य प्रयासः तु प्रशंसनीयः।

i. एकपदेन उत्तत : – 2 × 1 = 2

(क) कस्याः स्थितिः सम्यक् न ?

(ख) के पुस्तकं न पठन्ति ?

ii. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) कस्य प्रयासः प्रशंसनीयः ?

(ख) के विद्यालयं न आगच्छन्ति ?

iii. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1

अथवा

इदानीं ग्रामीण–क्षेत्रे विद्युत् व्यवस्था समीचीना। जनाः अस्य लाभं गृह्णन्ति। तत्र दूरदर्शनस्य व्यवस्था प्रायशः सर्वेषु गृहेषु अस्ति। चल दूरवाणी अपि तत्र पर्याप्तम् अस्ति। परञ्च शिक्षायां प्रगतिः तादृशी नास्ति। कारणं स्पष्टम् अस्ति यत् जनाः अस्मिन् विषये न चिन्तयन्ति। अतः शिक्षा निम्नस्त्तरे अस्ति। अत्र ध्यानस्य आवश्यकता अस्ति।

I. एकपदेन उत्तरत – $2 \times 1 = 2$

(क) विद्युत् व्यवस्था कुत्र समीचीना ?

(ख) के अस्य लाभं गृहणन्ति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – $2 \times 2 = 4$

(क) सर्वेषु गृहेषु का अस्ति ?

(ख) तत्र का पर्याप्तम् अस्ति ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। 1

(ब) अस्माकं राज्ये निजी–विद्यालयस्य बहुलता अस्ति नास्ति अत्र सन्देहः। ये जनाः जागरुकाः ते बालकान् निजी विद्यालये प्रेषयन्ति, बालिकाः न प्रेषयन्ति। एषा परम्परा ग्रामीण क्षेत्रे बाहुल्येन अस्ति। नगर क्षेत्रे अपि न्यूनता अस्यां परम्परायाम्। बालकं/बालिकां प्रति भेदं मनसि अस्ति। विचारणीयः विषयः इदानीम् अपि।

I. एकपदेन उत्तरत – $2 \times 1 = 2$

(क) कस्य बहुलता अस्ति अस्माकं राज्ये ?

(ख) निजी विद्यालये के प्रेषयन्ति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) कुत्र न्यूनता अस्ति अस्यां परम्परायाम् ?

(ख) ग्रामीण–क्षेत्रे का अस्ति ?

अथवा

भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा। इदानीम् अपि इयं भावना प्रचलिता अस्ति। परञ्च आंग्लभाषायाः प्रभावः अपि सर्वत्र अस्ति। बहवः जनाः संस्कृतं न जानन्ति, पुनश्च आंग्ल–भाषायाः शब्दानां प्रयोगं कुर्वन्ति। ते कथयन्ति यत् आंग्ल–भाषायाः ज्ञानम् आवश्यकम् अस्ति। प्रवासे अस्य प्रयोगः भवति।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) भारतस्य प्रतिष्ठे के ?

(ख) इदानीं का प्रचलिता ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) के संस्कृतं न जानन्ति ?

(ख) आंग्लभाषायाः ज्ञानम् आवश्यकम् के कथयन्ति ?

3- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संस्कृत में सात वाक्यों में अनुच्छेद लिखिए। 1 x 7 = 7

(क) मम विद्यालयः

(ख) आदर्श शिक्षकः

(ग) परोपकारः

(घ) दुर्गापूजा

(ङ) स्वतंत्रता दिवसः

4- निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। $2 \times 4 = 8$

(i) पुस्तकालय में विषयगत पुस्तकों की कमी पूरा करने के लिए प्रधानाध्यापक को एक आवेदन–पत्र संस्कृत में लिखें।

(ii) विद्यालय के खेल मैदान की सफाई हेतु प्रधानाध्यापक को संस्कृत में एक आवेदन–पत्र लिखें।

(iii) अपने बड़े भाई को संस्कृत में एक पत्र लिखें, जिसमें यह वर्णन हो कि मैं बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्तम अंक कैसे लाऊँगा ?

(iv) बड़ी बहन की शादी में सम्मिलित नहीं होने के सम्बन्ध में अपने पिताजी को संस्कृत में एक पत्र लिखें।

5- निम्नांकित में से किन्हीं छः वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए ? $6 \times 1 = 6$

(क) वह मेरी बहन है।

(ख) तुम मेरे भाई हो।

(ग) सुधांशु मेरा मित्र है।

(घ) उसका घर कहाँ है ?

(ङ) तुम मेरे साथ चलो।

(च) नीलम कक्षा में नहीं है।

(छ) वहाँ मत जाओ।

(ज) पटना में गोलघर है।

(झ) मेरी नानी नहीं है।

(ञ) गंगा हिमालय से निकलती है।

(ट) मेरे चारों तरफ घर हैं।

(ठ) सदा सच बोलना चाहिए।